प्रैक्टिस सेट 10

01 सामान्य विज्ञान

1. प्राकृतिक रबर का एकलक होता है
(a) निओप्रीन (b) आइसोप्रीन
(c) टेरीलीन (d) ऑरलॉन

2. स्वतन्त्र रूप से गिर रही एक वस्तु की गति ..... गति का उदाहरण है।
(a) एकसमान त्वरित (b) असमान त्वरित
(c) स्थिर वेग (d) स्थिर चाल

3. सल्फ्यूरस अम्ल का रासायनिक सूत्र क्या है?
(a) H_2SO_4 (b) H_2SO_3
(c) H_3SO_3 (d) H_3SO_4

4. दाब के एस.आई. मात्रक को क्या कहते हैं?
(a) न्यूटन (b) वेबर (c) पास्कल (d) हेनरी

5. निम्नलिखित में से किसका ऑक्साइड लाल लिटमस को नीला कर देता है?
(a) मैग्नीशियम (b) फॉस्फोरस
(c) सल्फर (d) कार्बन

6. निम्नलिखित में से कौन सबसे अधिक सम्पीड्य है?
(a) ठोस (b) द्रव
(c) गैस (d) ठोस और द्रव

7. निम्नलिखित में से कौन-से सूक्ष्मजीवी पोलियो तथा चेचक (चिकनपॉक्स) जैसी गम्भीर बीमारियों के कारण हैं?
(a) बैक्टीरिया (b) प्रोटोजोआ
(c) शैवाल (d) विषाणु

8. धातुओं का वह गुण, जिसमें उन्हें खींचकर तारों में परिवर्तित किया जा सकता है, ... कहलाता है।
(a) आघातवर्धनीयता (b) श्यानता
(c) तन्यता (d) तनन-सामर्थ्य

9. संचारित प्रणाली की खोज किसने की थी?
(a) थॉमस एडिसन (b) विलियम हार्वे
(c) रॉबर्ट हुक (d) रॉबर्ट बॉयल्स

10. निम्नलिखित में से किस विटामिन की कमी के कारण रतौंधी होती है?
(a) विटामिन-B (b) विटामिन-C
(c) विटामिन-K (d) विटामिन-A

11. द्रवचालित लिफ्ट किस सिद्धान्त पर कार्य करती है?
(a) न्यूटन के सिद्धान्त
(b) पास्कल के सिद्धान्त
(c) आर्किमिडीज के सिद्धान्त
(d) जूल के सिद्धान्त

12. काँस्य (ब्रॉन्ज) मिश्रधातु के मुख्य घटक कौन-से है?
(a) ताँबा तथा जस्ता
(b) ताँबा तथा रॉंगा
(c) जस्ता तथा निकेल
(d) एल्युमीनियम तथा निकेल

13. सापेक्षता का सिद्धान्त किसने विकसित किया था?
(a) आइजेक न्यूटन (b) चार्ल्स डार्विन
(c) मैरी क्यूरी (d) अल्बर्ट आइन्स्टीन

14. यदि पश्च दृश्य देखने वाले दर्पण में वस्तुएँ बड़ी तथा उल्टी दिखाई देती हैं, तो किस प्रकार के दर्पण का प्रयोग किया गया है?
(a) अवतल (b) उत्तल
(c) बेलनाकार (d) परिदर्शी

15. निम्नलिखित में से कौन-सी ऊष्माक्षेपी प्रतिक्रिया की विशेषता है?
(a) ऊष्मा का उत्सर्जन
(b) ऊष्मा का अवशोषण
(c) तापमान में कोई परिवर्तन नहीं
(d) कोई भी विकल्प सही नहीं है

16. ग्रहों की गति को बताने वाले नियमों को ..... कहा जाता है।
(a) न्यूटन के नियम
(b) कैप्लर के नियम
(c) आवोगाद्रो के नियम
(d) द मॉर्गन के नियम

17. मनुष्य के शरीर में सबसे लम्बी हड्डी कौन-सी है?
(a) फेबुला (b) टीबिया (c) स्टेपिस (d) फीमर

18. निम्नलिखित में से कौन-सा एक विषम मिश्रण नहीं है?
(a) हवा (b) दूध (c) धुआँ (d) जेली

19. निम्नलिखित में से कौन-सी गैस ऑक्सीजन से भारी होती है?
(a) कार्बन डाइ-ऑक्साइड (b) अमोनिया
(c) मेथेन (d) हीलियम

20. पौधे के किस भाग से दालचीनी प्राप्त की जाती है?
(a) तना (b) जड़
(c) छाल (d) फल

21. पट्टिकाणु (प्लेटलेट्स) का दूसरा नाम क्या है?
(a) ल्युकोसाइट
(b) रक्ताणु (इरिथ्रोसाइट)
(c) पट्टिकाणु (प्लेटलेट्स)
(d) थ्रोम्बोसाइट

22. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म गलत है?
I. पारसैक—दूरी
II. बैरल—तरल
III. प्रकाश वर्ष—समय
(a) केवल III (b) I तथा III
(c) केवल II (d) सभी सही हैं

23. जाइलम निम्नलिखित में से किसके परिवहन में सहायता करता है?
(a) भोजन
(b) पानी
(c) पोषक तत्त्व
(d) भोजन तथा पानी दोनों

24. निम्नलिखित में से कौन-सा वनस्पति जगत् का हॉर्मोन नहीं है?
(a) जिब्रेलिन (b) ऑक्सिन
(c) साइटोकाइनिन (d) थायरॉक्सिन

25. इलेक्ट्रॉन प्रदान करने की प्रक्रिया को ..... कहते हैं।
(a) ऑक्सीकरण (b) अपचयन
(c) विकिरण (d) 'a' तथा 'b'

Scanned by CamScanner

02 गणित

26. $\frac{128352}{238368}$ का सरलतम रूप होगा
(a) $\frac{3}{4}$ (b) $\frac{7}{13}$
(c) $\frac{9}{13}$ (d) $\frac{5}{13}$

27. दो सह-अभाज्य संख्याओं का गुणनफल 117 है। उनका लघुत्तम समापवर्त्य होना चाहिए
(a) 1
(b) 117
(c) उनके महत्तम समापवर्तक के बराबर
(d) परिकलित नहीं किया जा सकता

28. चार अंकों की सबसे बड़ी संख्या जो 12, 18, 21, 28 से विभाजित हो जाए, क्या है?
(a) 9848 (b) 9864
(c) 9828 (d) 9836

29. $[(0.98)^3 + (0.02)^3 + 3 \times 0.98 \times 0.02 - 1]$ का मान है
(a) 0 (b) 1
(c) 1.09 (d) 1.98

30. निम्न में से कौन $\frac{3}{5}$ और $\frac{2}{3}$ के बीच आने वाली भिन्न है?
(a) $\frac{2}{5}$ (b) $\frac{1}{3}$
(c) $\frac{1}{15}$ (d) $\frac{31}{50}$

31. यदि $\sqrt{2401} = \sqrt{7^x}$ हो, तो $x = ?$
(a) 4 (b) 2
(c) 6 (d) 8

32. एक कक्षा की औसत आयु 15.8 वर्ष है। कक्षा में लड़कों की औसत आयु 16.4 वर्ष और लड़कियों की 15.4 वर्ष है। कक्षा में लड़के और लड़कियों का अनुपात क्या है?
(a) 1 : 2 (b) 1 : 1
(c) 3 : 4 (d) 2 : 3

33. यदि तीन क्रमागत पूर्णांकों का गुणनफल 120 हो, तो बताइए कि पूर्णांकों का योग कितना होगा?
(a) 18 (b) 12
(c) 14 (d) 15

34. अजय और विजय की आयु का अनुपात 3 : 4 है। 5 वर्ष बाद, उनकी आयु का नया अनुपात 4 : 5 होगा। इस समय विजय की आयु कितनी है?
(a) 20 वर्ष (b) 18 वर्ष
(c) 15 वर्ष (d) 24 वर्ष

35. एक चुनाव में 8% मतदाताओं ने अपना मत नहीं दिया। चुनाव में केवल दो उम्मीदवार थे। जीतने वाले ने कुल मतों के 48% मत प्राप्त कर अपने विरोधी को 1100 मतों से हराया। चुनाव में मतदाताओं की कुल संख्या कितनी थी?
(a) 21000 (b) 22000
(c) 23500 (d) 27500

36. 40 लीटर दूध और पानी के मिश्रण में 10% पानी है। उसमें कितना पानी और मिलाया जाए कि नए मिश्रण में 20% पानी हो?
(a) 2.5 लीटर (b) 5 लीटर
(c) 6 लीटर (d) 5.5 लीटर

37. एक वस्तु की कीमत ₹900 अंकित की गई है और उस पर 8% और 8% की दो क्रमिक छूट दी गई। यदि इन दो छूट के स्थान पर 16% की एक छूट दी जाती तो विक्रेता को कितनी हानि या लाभ होता?
(a) लाभ, ₹4.76 (b) हानि, ₹5.76
(c) लाभ, ₹5.76 (d) हानि, ₹4.76

38. A, B और C तीन संख्याएँ 1 : 2 : 3 अनुपात में हैं। उनका औसत 600 है। यदि A में 10% वृद्धि और B में 20% कमी की जाए, तो औसत में 5% वृद्धि प्राप्त करने के लिए C में कितनी वृद्धि करनी होगी?
(a) 90 (b) 100 (c) 180 (d) 150

39. 10 महिलाएँ एक कार्य को 8 दिन में पूरा कर सकती हैं और 10 बच्चे उस कार्य को 12 दिन में पूरा कर सकते हैं। बताइए कि 6 महिलाएँ और 3 बच्चे एकसाथ उस कार्य को कितने दिनों में पूरा करेंगे?
(a) 10 दिन (b) 12 दिन
(c) 8 दिन (d) इनमें से कोई नहीं

40. A और B एक कार्य को ₹4500 में करने के लिए तैयार होते हैं। A अकेला उस कार्य को 8 दिन में और B अकेला उस कार्य को 12 दिन में पूरा कर सकता है। C की सहायता से वे इस कार्य को 4 दिन में पूरा करते हैं। बताइए कि इस राशि में C का हिस्सा कितना होगा?
(a) ₹375 (b) ₹750
(c) ₹1500 (d) ₹2250

41. एक कार 3 किमी के चार क्रमिक फासलों को क्रमशः 10 किमी/घण्टा, 20 किमी/घण्टा, 30 किमी/घण्टा और 60 किमी/घण्टा की गति से तय करती है, बताइए कि उसकी इस दूरी में औसत गति कितनी थी?
(a) 10 किमी/घण्टा (b) 25 किमी/घण्टा
(c) 20 किमी/घण्टा (d) 30 किमी/घण्टा

42. एक समभुज त्रिभुज की ऊँचाई x है। त्रिभुज का क्षेत्रफल कितना होगा?
(a) x^2 (b) $\frac{1}{2}x^2$ (c) $\frac{\sqrt{3}}{2}x^2$ (d) $\frac{\sqrt{3}}{3}x^2$

43. एक वृत्त के क्षेत्रफल में 22 सेमी^{2} की वृद्धि होती है जब उसकी त्रिज्या में 1 सेमी वृद्धि की जाती है। वृत्त की मौलिक त्रिज्या है
(a) 6 सेमी (b) 3.2 सेमी
(c) 3 सेमी (d) 3.5 सेमी

44. यदि एक बेलन (सिलेण्डर) की ऊँचाई में 15% वृद्धि और उसके आधार की त्रिज्या में 10% कमी की जाए, तो बताइए कि उसके वक्र सतह क्षेत्रफल में परिवर्तन कितने प्रतिशत होगा?
(a) 3.5% कमी (b) 3.5% वृद्धि
(c) 5% कमी (d) 5% वृद्धि

45. यदि $x^2 - 6Kx + 5 = 0$ का एक रूट 5 हो, तो बताइए कि K का मान कितना है?
(a) $-\frac{1}{2}$ (b) -1 (c) 1 (d) 2

46. दिए गए चित्र में $AB \parallel CD$, $\angle ABE = 120°$, $\angle DCE = 100°$ और $\angle BEC = x°$ है, तो x का मान होगा



(a) 40° (b) 50°
(c) 60° (d) 70°

47. यदि $\cos\theta + \sec\theta = \frac{5}{2}$ हो, तो $(\cos^2\theta + \sec^2\theta) = ?$
(a) $\frac{33}{4}$ (b) $\frac{21}{4}$ (c) $\frac{29}{4}$ (d) $\frac{17}{4}$

48. यदि $2^a + 3^b = 17$ और $2^{a+2} - 3^{b+1} = 5$ हो, तो
(a) $a = 2, b = 3$ (b) $a = -2, b = 3$
(c) $a = 2, b = -3$ (d) $a = 3, b = 2$

49. यदि समीकरण $ax^2 + bx + c = 0$ के रूट बराबर हों, तो बताइए c का मान कितना है?
(a) $\frac{b}{2a}$ (b) $-\frac{b}{2a}$ (c) $\frac{b^2}{4a}$ (d) $-\frac{b^2}{4a}$

50. यदि $\frac{(6.4)^2 - (5.4)^2}{(8.9)^2 + (8.9 \times 2.2) + (1.1)^2} = x$ हो, तो x का मान होगा
(a) 0.118 (b) 0.92
(c) 1.5 (d) 1

Scanned by CamScanner

03 सामान्य बुद्धिमत्ता एवं तर्कशक्ति

51. निम्न में से कौन-सा चित्र कपड़ों, फूलों और सफेद का प्रतिनिधित्व करता है?



(a) (b) (c) (d)

52. यदि A = 1, FAT = 27 हो, तो FAINT = ?
(a) 44 (b) 42
(c) 41 (d) 50

53. दी गई शृंखला में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर कौन-सी संख्या आएगी?
4, 7, 12, 19, 28, ?
(a) 30 (b) 36
(c) 39 (d) 49

54. दी गई शृंखला में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर कौन-सी संख्या आएगी?
2, 3, 8, 27, 112, ?
(a) 565 (b) 452
(c) 339 (d) 226

55. दिए गए विकल्पों से उस आकृति का चयन कीजिए जो प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर उपयुक्त हो

प्रश्न आकृतियाँ



उत्तर आकृतियाँ



(a) (b) (c) (d)

56. दी गई शृंखला में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर कौन-सी संख्या आएगी?
4, 6, 9, 13.5, ?
(a) 17.5 (b) 19.5
(c) 20.25 (d) 22.75

57. दी गई शृंखला में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर कौन-सी संख्या आएगी?
18, 27, 49, 84, 132, ?
(a) 188 (b) 193
(c) 168 (d) इनमें से कोई नहीं

58. निम्नलिखित में से किस शब्द का दर्पण प्रतिबिम्ब उसी के समान होगा?
(a) OHATAHO
(b) HATOHA
(c) OHATOAH
(d) OHAOTHA

निर्देश (प्र.सं. 59-62) *निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

A, B, C, D, E, F, G, H और K केन्द्र की ओर मुँह किए एक वृत्त के गिर्द बैठे हैं। B, G के बाएँ को चौथा है, जो C के दाएँ को दूसरा है। F, C के दाएँ को चौथा है और K के बाएँ को दूसरा है। A, K के दाएँ को चौथा है। D या तो K या B का निकटस्थ पड़ोसी नहीं है। H, E के दाएँ को तीसरा है।

59. E के बाएँ को चौथा कौन है?
(a) A (b) C
(c) G (d) डाटा अपर्याप्त

60. K के दाएँ को दूसरा कौन है?
(a) C (b) H
(c) F (d) E

61. H के दाएँ को तीसरा कौन है?
(a) A (b) D
(c) G (d) F

62. D के दाएँ को चौथा कौन है?
(a) K (b) H
(c) E (d) B

63. एक आदमी पूर्व की ओर 1 किमी चलता है और फिर वह दक्षिण की ओर मुड़कर 5 किमी चलता है। वह पुन: पूर्व की ओर मुड़कर 2 किमी चलता है। इसके बाद वह उत्तर की ओर मुड़कर 9 किमी चलता है, बताइए कि अब वह अपने प्रारम्भिक स्थान से कितनी दूर है?
(a) 3 किमी (b) 4 किमी
(c) 5 किमी (d) 7 किमी

64. दी गई शृंखला में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर कौन-सी संख्या आएगी?
9, 27, 31, 155, 161, 1127, ?
(a) 316 (b) 1135
(c) 1288 (d) 2254

65. यदि 879 = 8,625 = 1 और 586 = 9 हो, तो 785 = ?
(a) 6 (b) 7
(c) 8 (d) 9

66. दिए गए विकल्पों में से कौन-सा निम्नलिखित का अर्थपूर्ण सही अनुक्रम होगा?
A. तना B. फूल C. जड़ D. फल E. पत्ते
(a) C, A, B, E, D
(b) C, A, E, B, D
(c) C, E, A, B, D
(d) C, B, E, A, D

67. एक निश्चित सांकेतिक भाषा में STREAMLINE को BFSUTDMHKL रूप में लिखा जाता है। बताइए कि उसी सांकेतिक भाषा में SCIENTIFIC किस रूप में लिखा जाएगा?
(a) OFJDTDGJUT (b) OFJTBDHESH
(c) OFJDTDJGJU (d) OFJDTBHEHS

68. जिस प्रकार 'प्रोटीन' का सम्बन्ध 'विकास' से है, उसी प्रकार 'कार्बोहाइड्रेट' का सम्बन्ध किससे है?
(a) प्रतिरोध (b) बीमारी (c) ऊर्जा (d) ताकत

69. नीचे दिए विकल्पों में तीन किसी प्रकार समान हैं अत: एक समूह का निर्धारण करते हैं। उस शब्द का चयन कीजिए जो अन्य तीन से भिन्न है
(a) मगरमच्छ (b) डॉल्फिन
(c) जेबरा (d) बाघ

70. जिस प्रकार, 'बाजार' का सम्बन्ध 'माँग' से है। उसी प्रकार, 'कृषि' का सम्बन्ध किससे है?
(a) किसान (b) मानसून
(c) आपूर्ति (d) अनाज

71. जिस प्रकार 'अणु' का सम्बन्ध 'परमाणु' से है, उसी प्रकार 'कोशिका' का सम्बन्ध किससे है?
(a) जीव (b) बैटरी (c) न्यूक्लियस (d) पदार्थ

72. यदि पहली अक्टूबर को रविवार हो, तो पहली नवम्बर को कौन-सा दिन होगा?
(a) सोमवार (b) बुधवार
(c) मंगलवार (d) गुरुवार

73. जिस प्रकार 'कमान' का सम्बन्ध 'सुव्यवस्था' से है उसी प्रकार 'भ्रम' का सम्बन्ध किससे है?
(a) अनुशासन (b) समस्या
(c) स्पष्टता (d) अव्यवस्था

74. यदि Y के बेटे के बेटे का भाई X हो, तो बताइए कि X का Y से क्या रिश्ता है?
(a) भाई (b) कजन (c) पोता (d) बेटा

75. एक तस्वीर की ओर संकेत करते हुए एक महिला ने प्रमोद से कहा, "इस महिला की मैं इकलौती बेटी हूँ और उसका बेटा तुम्हारा मामा है"। बताइए कि बोलने वाले का प्रमोद के पिता से क्या रिश्ता है?
(a) भाभी/साली
(b) पत्नी
(c) 'a' या 'b' में से कोई नहीं
(d) आँकड़े अधूरे हैं

76. नीचे दिए गए प्रश्न में एक कथन शामिल है जिसके अनुसार दो तर्क I और II दिए गए हैं। आपको यह तय करना होगा कि कौन-सा/कौन-से तर्क 'मजबूत' है/हैं?
कथन क्या सरकार को दालों के निर्यात पर प्रतिबन्ध लगाना चाहिए?

Scanned by CamScanner

तर्क
I. हाँ, इससे भारत में दालों की कीमत कम हो जाएगी।
II. नहीं, इस निर्णय से निर्यात उद्योग में नौकरियाँ समाप्त हो जाएँगी।
(a) केवल तर्क I मजबूत है
(b) केवल तर्क II मजबूत है
(c) न तो तर्क I और न ही तर्क II मजबूत है
(d) तर्क I और II दोनों मजबूत हैं

77. निम्न वेन आरेख उन व्यापारियों के बारे में जानकारी दिखाता है जो व्यापार करते हैं



कितने व्यापारी गेहूँ और चने का व्यापार करते हैं?
(a) 2 (b) 138 (c) 136 (d) 73

78. निम्न चार्ट का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और प्रश्न का उत्तर दें।
बार चार्ट वर्ष 2016-2017 में कम्पनी 'ABC' की पाँच शाखाओं A_1, A_2, A_3, A_4 और A_5 से कलाई घड़ियों की बिक्री के बारे में जानकारी दर्शाता है



वर्ष 2016 के लिए सभी शाखाओं की कुल बिक्री (करोड़ में) से वर्ष 2017 में बिक्री में क्या अन्तर है?
(a) 10 (b) 20
(c) 15 (d) 7.5

79. लड़कों की एक पंक्ति में, विजय बाएँ छोर से दसवें स्थान पर है और विक्रम दाएँ छोर से सातवें स्थान पर है। यदि विजय और विक्रम के बीच ग्यारह लड़के हैं, तो पंक्ति में कितने लड़के हैं?
(a) 28 (b) 36
(c) 43 (d) 22

80. निम्न आकृति में वर्गों की संख्या कितनी है?



(a) 22 (b) 20 (c) 18 (d) 24

04 सामान्य जागरूकता

81. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25 से 28 तक किससे सम्बन्धित है?
(a) शिक्षा का अधिकार
(b) समानता का अधिकार
(c) स्वतन्त्रता का अधिकार
(d) धर्म की स्वतन्त्रता

82. निम्नलिखित याचिकाओं (Writs) में से किसका शाब्दिक अर्थ 'आदेश' है?
(a) बन्दी प्रत्यक्षीकरण लेख
(b) प्रतिषेध लेख
(c) परमादेश
(d) उत्प्रेषण लेख

83. जवाहर सुरंग स्थित है
(a) उत्तराखण्ड में
(b) अरुणाचल प्रदेश में
(c) हिमाचल प्रदेश में
(d) जम्मू-कश्मीर में

84. मोहम्मद खिलजी पर विजय के उपलक्ष्य में 'विजय स्तम्भ' (Tower of Victory) का निर्माण किस शासक ने कराया था?
(a) राणा प्रताप (b) राणा कुम्भा
(c) राणा संग्राम सिंह (d) चन्द्रगुप्त मौर्य

85. सिंगापुर का पुराना नाम क्या है?
(a) टेमासेक
(b) म्यांमार
(c) सिलोन
(d) बोहेमिया

86. अगस्त, 1946 में 'डायरेक्ट एक्शन अभियान' (प्रत्यक्ष कार्यवाही दिवस) किसने शुरू किया था?
(a) महात्मा गांधी
(b) डॉ. बी.आर. अम्बेडकर
(c) मुस्लिम लीग
(d) रॉयल इण्डियन नेवी

87. भारत का सबसे बड़ा नदी द्वीप माजुली किस राज्य में स्थित है?
(a) महाराष्ट्र (b) असोम
(c) ओडिशा (d) मध्य प्रदेश

88. भारत में किस बन्दरगाह शहर को 'अरब सागर की रानी' कहा जाता है?
(a) काण्डला (b) कोच्चि
(c) मुम्बई (d) मार्मुगाओ

89. किस संविधान संशोधन द्वारा 6-14 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए नि:शुल्क तथा अनिवार्य शिक्षा का प्रावधान किया गया?
(a) 87वें (b) 86वें (c) 90वें (d) 84वें

90. निम्न में से कौन-सी खरीफ की फसल नहीं है?
(a) चावल (b) चना (c) मक्का (d) बाजरा

91. निम्न में से किस शहर में केन्द्रीय चावल अनुसन्धान संस्थान स्थित है?
(a) नई दिल्ली (b) लखनऊ (उत्तर प्रदेश)
(c) कटक (ओडिशा) (d) पूसा (बिहार)

92. प्रथम बौद्ध संगीति किस शासक के शासनकाल में आयोजित हुई थी?
(a) बिम्बिसार (b) अशोक
(c) अजातशत्रु (d) कनिष्क

93. प्रथम पीढ़ी के कम्प्यूटर की विशिष्टता क्या है?
(a) एकीकृत सर्किट (b) वैक्यूम ट्यूब
(c) ट्रांजिस्टर (d) ऑप्टिकल फाइबर

94. जी.एस.टी. भारत में लागू करने का सुझाव किसने दिया था?
(a) विजय केलकर समिति
(b) रंगराजन समिति
(c) तेन्दुलकर समिति
(d) मजूमदार समिति

95. राज्यसभा में अधिकतम कितने सदस्य होते हैं?
(a) 250 सदस्य (b) 280 सदस्य
(c) 545 सदस्य (d) 400 सदस्य

96. दल-बदल विरोधी कानून किस वर्ष पारित हुआ?
(a) 1986 (b) 1985 (c) 1989 (d) 1990

97. 'राइडर कप' का सम्बन्ध किस खेल से है?
(a) बेसबॉल (b) बास्केटबॉल
(c) फुटबॉल (d) गोल्फ

98. राज्यसभा तथा लोकसभा की संयुक्त बैठक कौन बुलाता है?
(a) राष्ट्रपति (b) प्रधानमन्त्री
(c) लोकसभा अध्यक्ष (d) उपराष्ट्रपति

99. ग्राम पंचायत की सदस्यता के लिए उम्मीदवार की आयु कितनी होनी चाहिए?
(a) 18 वर्ष (b) 30 वर्ष (c) 21 वर्ष (d) 25 वर्ष

100. सहारा मरुस्थल किस महाद्वीप में स्थित है?
(a) एशिया (b) अफ्रीका
(c) ऑस्ट्रेलिया (d) दक्षिण अमेरिका

Scanned by CamScanner

उत्तरमाला

1.	(b)	2.	(a)	3.	(b)	4.	(c)	5.	(a)	6.	(c)	7.	(d)	8.	(c)	9.	(b)	10.	(d)
11.	(b)	12.	(b)	13.	(d)	14.	(a)	15.	(a)	16.	(b)	17.	(d)	18.	(a)	19.	(a)	20.	(c)
21.	(d)	22.	(a)	23.	(b)	24.	(d)	25.	(a)	26.	(b)	27.	(b)	28.	(c)	29.	(a)	30.	(d)
31.	(a)	32.	(d)	33.	(d)	34.	(a)	35.	(d)	36.	(b)	37.	(b)	38.	(c)	39.	(a)	40.	(b)
41.	(c)	42.	(d)	43.	(c)	44.	(b)	45.	(c)	46.	(a)	47.	(d)	48.	(d)	49.	(c)	50.	(a)
51.	(d)	52.	(d)	53.	(c)	54.	(a)	55.	(a)	56.	(c)	57.	(b)	58.	(a)	59.	(a)	60.	(b)
61.	(c)	62.	(d)	63.	(c)	64.	(b)	65.	(a)	66.	(b)	67.	(d)	68.	(c)	69.	(a)	70.	(d)
71.	(a)	72.	(b)	73.	(d)	74.	(c)	75.	(b)	76.	(a)	77.	(a)	78.	(b)	79.	(a)	80.	(a)
81.	(d)	82.	(c)	83.	(d)	84.	(b)	85.	(a)	86.	(c)	87.	(b)	88.	(b)	89.	(b)	90.	(b)
91.	(c)	92.	(c)	93.	(b)	94.	(a)	95.	(a)	96.	(b)	97.	(d)	98.	(a)	99.	(c)	100.	(b)

व्याख्या एवं हल

1. प्राकृतिक रबर का एकलक आइसोप्रीन (2-मिथाइल-1, 3-ब्यूटाईन) है तथा इसे समपक्ष-1, 4-पॉलीआइसोप्रीन भी कहते हैं।

2. गुरुत्वीय बल के कारण पृथ्वी की ओर स्वतन्त्र रूप से गिर रही एक वस्तु की गति, एकसमान त्वरित गति का उदाहरण है।

3. सल्फ्यूरस अम्ल का रासायनिक सूत्र H_2SO_3 है; जबकि H_2SO_4 सल्फ्यूरिक अम्ल का रासायनिक सूत्र है।

4. किसी एकांक क्षेत्रफल पर लगने वाले बल को दाब कहते हैं, जिसका मात्रक न्यूटन/मी^{2} अथवा 'पास्कल' होता है।

$$\text{दाब } (P) = \frac{\text{बल } (F)}{\text{क्षेत्रफल } (A)}$$

5. सभी क्षार लाल लिटमस को नीला कर देते हैं। चूँकि मैग्नीशियम एक क्षारीय धातु है। अतः इसका ऑक्साइड भी लाल लिटमस को नीला कर देता है।

6. जिन पदार्थों को बाह्य दाब से जितना अधिक दबाया जा सकता है, उनकी सम्पीड्यता (Compressibility) उतनी ही अधिक होती है। अतः द्रवों की सम्पीड्यता ठोसों से अधिक होती है तथा गैसों की सम्पीड्यता सर्वाधिक होती है।

7. सूक्ष्मजीवी विषाणु, पोलियो तथा चेचक (चिकनपॉक्स) जैसी गम्भीर बीमारियों के कारण हैं। पोलियो, पोलियो नामक विषाणु से तथा चेचक वैरिओला नामक विषाणु से होता है।

8. धातुओं का वह गुण, जिससे उन्हें खींचकर तारों में परिवर्तित किया जा सकता है, 'तन्यता' (Ductility) कहलाता है। सोना एवं चाँदी सर्वाधिक तन्य धातुएँ हैं।

9. मानव में रुधिर परिसंचरण तन्त्र की खोज विलियम हार्वे ने की थी। मानव में विकसित, बन्द एवं दोहरा परिसंचरण तन्त्र पाया जाता है।

10. रतौंधी अथवा जीरोफ्थैल्मिया विटामिन-A की कमी से होने वाला रोग है। इस रोग के कारण व्यक्ति मन्द प्रकाश में नहीं देख पाता है।

11. द्रवचालित लिफ्ट, पास्कल के सिद्धान्त पर कार्य करती है। इस सिद्धान्त के अनुसार, किसी बर्तन में बन्द द्रव के किसी भाग पर आरोपित बल, द्रव द्वारा सभी दिशाओं में समान परिमाण में संचरित कर दिया जाता है।

12. काँस्य (ब्रोन्ज), ताँबा तथा टिन (राँगा) की मिश्रधातु है। काँस्य का उपयोग बर्तन एवं मूर्ति आदि बनाने में किया जाता है।

14. अवतल दर्पण में पश्च दृश्य देखने पर दर्पण में वस्तुएँ बड़ी और उल्टी दिखाई देती हैं। अवतल दर्पण द्वारा निर्मित प्रतिबिम्ब उल्टा एवं वास्तविक होगा। दन्त चिकित्सकों द्वारा दाँत का बड़ा प्रतिबिम्ब देखने के लिए तथा शविंग मिरर के रूप में अवतल दर्पण का उपयोग किया जाता है।

15. ऐसी रासायनिक अभिक्रियाएँ जिनमें ऊष्मा का उत्सर्जन होता है, ऊष्माक्षेपी अभिक्रियाएँ कहलाती हैं; जैसे– $C + O_2 \rightarrow CO_2 +$ ऊष्मा

16. ग्रहों की गति को बताने वाले नियमों को कैप्लर के नियम कहा जाता है। कैप्लर के नियमानुसार सभी ग्रह सूर्य की दीर्घवृत्ताकार कक्षा में परिक्रमा करते हैं। जॉन कैप्लर (जर्मनी देश के) गणितज्ञ एवं प्रसिद्ध खगोलविद् थे।

17. मनुष्य के शरीर में पाई जाने वाली सबसे लम्बी हड्डी फेमूर (फीमर) होती है यह जाँघ में पाई जाती है। शरीर में पाई जाने वाली सबसे छोटी हड्डी 'स्टेपिस' (कान में) है।

18. हवा बहुत-सी गैसों का समांगी मिश्रण है। हवा विषमांगी मिश्रण नहीं है।

20. पौधे की छाल से दालचीनी प्राप्त की जाती है। यह एक प्रकार का मसाला होता है। इसका मुख्य कार्य भोजन में सुगन्ध उत्पन्न करना होता है।

21. रुधिर पट्टिकाणु (प्लेटलेट्स) को थ्रोम्बोसाइट के नाम से भी जाना जाता है। ये रुधिर के जमने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। ये केवल मनुष्य के रक्त में पाई जाती हैं। इनकी संख्या 1 मिली रक्त में तीन लाख होती है। ये अस्थिमज्जा में निर्मित होती हैं तथा इनका जीवनकाल 7-10 दिन होता है।

22. प्रकाश वर्ष दूरी का मात्रक है। निर्वात् में प्रकाश द्वारा एक वर्ष में चली गई दूरी एक प्रकाश वर्ष कहलाती है।

1 प्रकाश वर्ष = 9.46×10^{15} मी

23. पौधों में जाइलम (Xylem) पानी के परिवहन में सहायता करता है। यह पतली एवं लम्बी नलिकाओं के रूप में पौधों की जड़ों से लेकर पत्तियों तक फैले होता है तथा यह भूमि से अवशोषित जल एवं खनिज लवणों को पत्तियों तक पहुँचाने का कार्य करता है।

24. थायरॉक्सिन वनस्पति जगत् का हॉर्मोन नहीं है। यह मानव शरीर की अन्तःस्रावी ग्रन्थि थायरॉइड से उत्पन्न हॉर्मोन है; जबकि जिब्रेलिन, ऑक्सिन और साइटोकाइनिन वनस्पति जगत् के पादप हॉर्मोन्स हैं।

25. इलेक्ट्रॉन प्रदान करने की प्रक्रिया को ऑक्सीकरण कहते हैं।

26. $\frac{128352}{238368} = \frac{7 \times 18336}{13 \times 18336} = \frac{7}{13}$

27. $a \times b = 117$

$\downarrow \quad \downarrow$

$13 \times 9 = 117$

जब यह अभाज्य है, तो दोनों का म.स. 1 तथा दोनों का ल.स. दोनों का गुणनफल ही होगा।

28. 12, 18, 21, 28 का ल.स. = 252

चार अंकों की सबसे बड़ी संख्या = 9999

इसके सबसे नजदीक का 252 का गुणज अभीष्ट उत्तर होगा।

अर्थात् $\frac{9999}{252}$ के पूर्णांक (39) का गुणज

$= 252 \times 39 = 9828$

29. $[(0.98)^3 + (0.02)^3 + 3 \times 0.98 \times 0.02 - 1]$

$= [(0.98)^3 + (0.02)^3 + 3 \times 0.98 \times 0.02 \times 1 - 1]$

$= [(0.98)^3 + (0.02)^3 + 3 \times 0.98 \times 0.02 (0.98 + 0.02)] - 1$

$= [(0.98 + 0.02)^3 - 1] = 1 - 1 = 0$

Scanned by CamScanner

30. $\frac{3}{5} = 0.6$ तथा $\frac{2}{3} = 0.67$

तो, $\frac{2}{5} = 0.4, \frac{1}{3} = 0.33$

$\frac{1}{15} = 0.067$

$\frac{31}{50} = \frac{62}{100} = 0.62$

अतः $\frac{3}{5}$ व $\frac{2}{3}$ के बीच आने वाली भिन्न $\frac{31}{50}$ होगी।

31. $\because \quad \sqrt{2401} = \sqrt{7^x}$

$\Rightarrow \quad 2401 = 7^x$

$\Rightarrow \quad 7^x = 7^4$

$\Rightarrow \quad x = 4$

32.



$(15.8 - 15.4) = 0.4 \quad (16.4 - 15.8) = 0.6$

अभीष्ट अनुपात = 0.4 : 0.6

= 2 : 3

33. माना तीनों क्रमागत संख्याएँ $(x - 1)$, x तथा $(x + 1)$ हैं।

तब, $(x - 1)(x)(x + 1) = 120$

$\Rightarrow \quad (x - 1)(x)(x + 1) = 4 \times 5 \times 6$

∴अभीष्ट योग = 4 + 5 + 6 = 15

34. माना अजय की आयु $3x$ वर्ष एवं विजय की आयु $4x$ वर्ष है।

तब प्रश्नानुसार,

$$\frac{3x + 5}{4x + 5} = \frac{4}{5}$$

$\Rightarrow \quad 15x + 25 = 16x + 20$

$\Rightarrow \quad 16x - 15x = 25 - 20$

$\Rightarrow \quad x = 5$ वर्ष

∴विजय की वर्तमान आयु

$= 4x = 4 \times 5 = 20$ वर्ष

35. हारे हुए प्रत्याशी के मतों का प्रतिशत

$= [100 - (48 + 8)] = 44\%$

∴अभीष्ट संख्या

$= \frac{100}{(48 - 44)} \times 1100 = 27500$

36. मिश्रण में दूध की मात्रा $= 40 \times \frac{90}{100} = 36$ लीटर

नए मिश्रण में यह मात्रा 80% के बराबर है, तो

मिश्रण की पूरी मात्रा $= \frac{36}{80} \times 100 = 45$ लीटर

∴ मिलाए गए पानी की मात्रा = 45 − 40 = 5 लीटर

37. पहली स्थिति में विक्रय मूल्य

$$= 900 \times \frac{92}{100} \times \frac{92}{100} = ₹761.76$$

दूसरी स्थिति में विक्रय मूल्य

$$= 900 \times \frac{84}{100} = ₹756$$

∴अभीष्ट हानि = 761.76 − 756 = ₹5.76

38. माना A, B, C के मान क्रमशः x, $2x$, $3x$ हैं।

अब, $x + 2x + 3x = 600 \times 3 \Rightarrow x = 300$

∴ $A = x = 300$

$B = 2x = 2 \times 300 = 600$

$C = 3x = 3 \times 300 = 900$

परिवर्तन किए जाने पर,

$A = 300$ का 110% = 330

$B = 600$ का 80% = 480

अब, 5% की वृद्धि के बाद औसत

$$= 600 \times \frac{105}{100} = 630$$

∴ $C = 630 \times 3 - (330 + 480)$

$= 1080$

अतः C में वृद्धि = 1080 − 900 = 180

39. प्रश्न से,

$10W \times 8 = 10C \times 12$

∴ $1W = \frac{12}{8}C = \frac{3}{2}C$

तो, $6W = 9C$

अब, $6W + 3C = 9C + 3C = 12C$

पुनः $10C \times 12 = 12C \times D_2$

∴ $D_2 = 10$ दिन

40. C के एक दिन का कार्य

$$= \frac{1}{4} - \left(\frac{1}{8} + \frac{1}{12}\right) = \frac{1}{4} - \frac{(3 + 2)}{24}$$

$$= \frac{6 - 5}{24} = \frac{1}{24}$$

अर्थात् C उसे 24 दिनों में करेगा।

अब, देय धनराशि का अनुपात $= \frac{1}{8} : \frac{1}{12} : \frac{1}{24}$

$= 3 : 2 : 1$

∴C का हिस्सा $= \frac{1}{3 + 2 + 1} \times 4500 = ₹750$

41. अभीष्ट औसत चाल $= \frac{\text{कुल तय दूरी}}{\text{उसमें लगा समय}}$

$$= \frac{12}{\frac{3}{10} + \frac{3}{20} + \frac{3}{30} + \frac{3}{60}} = \frac{12}{\frac{18 + 9 + 6 + 3}{60}}$$

$$= \frac{12 \times 60}{36} = 20 \text{ किमी/घण्टा}$$

42. समभुज के शीर्ष से गिराया गया लम्ब, आधार को समद्विभाजित करता है।

अब प्रश्न से,



$$y^2 - \frac{y^2}{4} = x^2 \Rightarrow x^2 = \frac{4y^2 - y^2}{4}$$

$$\Rightarrow \quad x^2 = \frac{3y^2}{4} \Rightarrow x = \frac{y\sqrt{3}}{2}$$

$$\Rightarrow \quad y = \frac{2}{\sqrt{3}}x$$

त्रिभुज का क्षेत्रफल $= \frac{\sqrt{3}}{4} \times \left(\frac{2}{\sqrt{3}}x\right)^2 = \frac{\sqrt{3}}{3}x^2$

43. माना मौलिक त्रिज्या x सेमी है।

अब, $\pi(x + 1)^2 - \pi x^2 = 22$

$$\Rightarrow x^2 + 2x + 1 - x^2 = 22 \times \frac{7}{22} = 7$$

$\Rightarrow \quad 2x = 7 - 1$

∴ $x = 3$ सेमी

44. मूल वक्र क्षेत्रफल $= 2\pi rh$

परिवर्तित वक्र क्षेत्रफल $= 2\pi \times \frac{90}{100}r \times \frac{115}{100}h$

$$= \frac{9}{10} \times \frac{115}{100}(2\pi rh)$$

$= 1.035\,(2\pi rh)$

अभीष्ट प्रतिशत वृद्धि

$$= \frac{\text{नया क्षेत्रफल} - \text{पुराना क्षेत्रफल}}{\text{पुराना क्षेत्रफल}} \times 100\%$$

$$= \frac{2.07\pi rh - 2\pi rh}{2\pi rh} \times 100\%$$

$$= \frac{\pi rh(2.07 - 2)}{2\pi rh} \times 100\%$$

$$= \frac{0.07}{2} \times 100\% = 3.5\%$$

अतः अभीष्ट वृद्धि = 3.5%

45. $x = \frac{6k \pm \sqrt{36k^2 - 20}}{2}$

धनात्मक मान लेने पर,

$$\frac{6k + \sqrt{36k^2 - 20}}{2} = 5$$

$\Rightarrow \quad 6k + \sqrt{36k^2 - 20} = 10$

दोनों पक्षों का वर्ग करने पर,

$36k^2 - 20 = (10 - 6k)^2$

$\Rightarrow \quad 36k^2 - 20 = 100 + 36k^2 - 120k$

$\Rightarrow \quad 120k = 120$

∴ $k = 1$

[ध्यान दें कि ऊपर ऋणात्मक मान लेने पर भी परिणाम समान होगा।]

46. प्रश्नोक्त चित्र के अनुसार,



चित्र से, $\angle ECD = \angle EFG = 100°$

इसलिए $\angle FBE = 60°$

तथा $\angle BFE = 80°$

∴ $\angle E = 180° - (60° + 80°) = 40°$

47. $\because (\cos\theta + \sec\theta)^2 = \left(\frac{5}{2}\right)^2$

$$\Rightarrow \cos^2\theta + \sec^2\theta + 2\cos\theta \cdot \sec\theta = \frac{25}{4}$$

$$\Rightarrow \quad \cos^2\theta + \sec^2\theta = \frac{25}{4} - 2 = \frac{17}{4}$$

Scanned by CamScanner

48. ∵ $2^a = 17 - 3^b$ ...(i)

पुनः $2^{a+2} - 3^{b+1} = 5$

$\Rightarrow 2^a \times 2^2 - 3^b \times 3 = 5$

$\Rightarrow (17 - 3^b)\,4 - 3 \times 3^b = 5$

$\Rightarrow 68 - 4 \times 3^b - 3 \times 3^b = 5$

$\Rightarrow 68 - 7 \times 3^b = 5$

$\Rightarrow 7 \times 3^b = 63$

$\Rightarrow 3^b = 9 = 3^2$

$\Rightarrow b = 2$

समी. (i) में b का मान रखने पर,

$2^a = 17 - 3^2 = 8$

$\Rightarrow 2^a = 2^3$

$\Rightarrow a = 3$

49. मूल बराबर है, तो $b^2 - 4ac = 0$

$\Rightarrow c = \frac{b^2}{4a}$

50. $x = \frac{(6.4)^2 - (5.4)^2}{(8.9)^2 + 2 \times 1.1 \times 8.9 + (1.1)^2}$

$= \frac{(6.4 + 5.4)(6.4 - 5.4)}{(8.9 + 1.1)^2}$

$= \frac{(11.8)(1)}{(10)^2} = 0.118$

51. कपड़ा और फूल दोनों सफेद हो सकते हैं।

52. वर्णमाला के क्रम स्थान के अनुसार,

A = 1, FAT → 6 + 1 + 20 = 27

उसी प्रकार, FAINT

⇒ 6 + 1 + 9 + 14 + 20 = 50

53. संख्या शृंखला का क्रम निम्नवत् है



अतः प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर संख्या 39 आएगी।

54. संख्या शृंखला का क्रम निम्नवत् है

(2 × 1) + 1 = 2 + 1 = 3

(3 × 2) + 2 = 6 + 2 = 8

(8 × 3) + 3 = 24 + 3 = 27

(27 × 4) + 4 = 108 + 4 = 112

(112 × 5) + 5 = 560 + 5 = 565

अतः प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर संख्या 565 आएगी।

55. प्रत्येक अगली आकृति में मूल आकृति की एक भुजा लुप्त हो जाती है। इसी क्रम में उत्तर आकृति (a) उपयुक्त है।

56. संख्या शृंखला का क्रम निम्नवत् है



अतः प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर संख्या 20.25 आएगी।

57. संख्या शृंखला का क्रम निम्नवत् है



अतः प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर संख्या 193 आएगी।

58. प्रश्नानुसार,

OHATAHO ≡ OHATAHO

अतः शब्द OHATAHO का दर्पण प्रतिबिम्ब मूल शब्द के समान है।

हल (प्र.सं. 59-62) दी गई जानकारी के अनुसार बैठने की व्यवस्था इस प्रकार है



59. E के बाएँ चौथा A है।

60. K के दाएँ दूसरा H है।

61. H के दाएँ तीसरा G है।

62. D के दाएँ चौथा B है।

63. प्रश्नानुसार, आदमी का गमन पथ निम्नवत् है



अभीष्ट दूरी = $AE = \sqrt{AF^2 + EF^2}$

[∵ AF = AB + CD, EF = DE − BC]

$= \sqrt{(3)^2 + (4)^2} = \sqrt{9 + 16} = \sqrt{25} = 5$ किमी

अतः आदमी अपने प्रारम्भिक स्थान से 5 किमी दूर है।

64. संख्या शृंखला का क्रम निम्नवत् है



अतः प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर संख्या 1135 आएगी।

65. जिस प्रकार, 7 + 9 − 8 = 8, 2 + 5 − 6 = 1

तथा 8 + 6 − 5 = 9

उसी प्रकार, 8 + 5 − 7 = 6

66. शब्दों का सार्थक क्रम निम्नवत् है

जड़ → तना → पत्ते → फूल → फल

C A E B D

67. जिस प्रकार,



उसी प्रकार,



68. जिस प्रकार प्रोटीन विकास या वृद्धि (Growth) के लिए उत्तरदायी है, उसी प्रकार कार्बोहाइड्रेट ऊर्जा के लिए उत्तरदायी है।

69. मगरमच्छ सरीसृप समुदाय का प्राणी है; जबकि शेष सभी स्तनधारी समुदाय के प्राणी हैं।

70. जिस प्रकार बाजार में माँग उत्पन्न होती है, उसी प्रकार कृषि से अनाज उत्पन्न होता है।

71. जिस प्रकार अणु से मिलकर 'परमाणु' बनते हैं, उसी प्रकार कोशिका से मिलकर जीव का निर्माण होता है।

72. प्रश्नानुसार,

1 अक्टूबर = रविवार

8 अक्टूबर = रविवार

15 अक्टूबर = रविवार

22 अक्टूबर = रविवार

29 अक्टूबर = रविवार

30 अक्टूबर = सोमवार

31 अक्टूबर = मंगलवार

1 नवम्बर = बुधवार

अतः 1 नवम्बर को बुधवार होगा।

73. जिस प्रकार कमान रखने से 'सुव्यवस्था' फैलती है, उसी प्रकार भ्रम फैलाने से 'अव्यवस्था' फैलती है।

74. प्रश्नानुसार, सम्बन्ध आरेख निम्न प्रकार है



आरेख से स्पष्ट है कि X, Y के पोते का भाई है। पोते का भाई भी पोता होता है। अतः X, Y का पोता है।

Scanned by CamScanner

75. प्रश्नानुसार, सम्बन्ध आरेख निम्न प्रकार है



प्रश्न में बोलने वाली महिला, प्रमोद की माँ है जो प्रमोद के पिता की पत्नी होगी।

76. केवल तर्क I मजबूत है।

77. गेहूँ और चने का व्यापार करने वाले व्यापारियों की संख्या = 2

78. वर्ष 2016 में सभी शाखाओं की कुल बिक्री
= (5 + 15 + 25 + 15 + 10) करोड़
= 70 करोड़
वर्ष 2017 में सभी शाखाओं की कुल बिक्री
= (10 + 10 + 15 + 30 + 25) करोड़
= 90 करोड़
∴ अभीष्ट अन्तर = 70 ~ 90
= 20 करोड़

79. पंक्ति में कुल लड़कों की संख्या = 10 + 7 + 11
= 28

80. दी गई आकृति में 22 वर्ग हैं।

82. परमादेश एक न्यायिक उपचार है। यदि कोई अधिकारी अपने विवेकाधिकार का प्रयोग करते समय किसी अनावश्यक विषय पर ध्यान देता है अथवा आवश्यक वस्तुओं पर ध्यान नहीं देता है, तो इन दशाओं में न्यायालय द्वारा अधिकारी के आदेश को रद्द करते हुए उस विषय पर पुनर्विचार करने का आदेश देता है।

83. जवाहर सुरंग जम्मू-कश्मीर राज्य में स्थित है। यह भारत की सबसे लम्बी सड़क सुरंग चेनानी नाशरी (जम्मू-कश्मीर) के पश्चात् दूसरी सबसे लम्बी सड़क सुरंग है।

84. मालवा के शासक मोहम्मद खिलजी पर विजय के उपलक्ष्य में राणा कुम्भा ने चित्तौड़ में विजय स्तम्भ स्थापित कराया था।

85. सिंगापुर का पुराना नाम टेमासेक है यह विश्व के प्रमुख बन्दरगाहों और व्यापारिक केन्द्रों में से एक है। इसकी मुद्रा सिंगापुर डॉलर है।

86. सीधी कार्यवाही दिवस (डायरेक्ट एक्शन डे) 16 अगस्त, 1946 को मुस्लिम लीग द्वारा अलग इस्लामिक राष्ट्र को स्थापित करने हेतु चलाया गया था। यह एक हिंसक आन्दोलन था।

87. माजुली द्वीप असोम के ब्रह्मपुत्र नदी के मध्य बसा एक नदी द्वीप है। माजुली द्वीप प्राकृतिक और मानवजनित कारणों से दिन-प्रतिदिन सिकुड़ रहा है। माजुली द्वीप को विश्व का सबसे बड़ा नदी द्वीप कहा जाता है।

89. संविधान के 86वें संशोधन अधिनियम, 2002 द्वारा 6-14 वर्ष की आयु वर्ग के समस्त बच्चों के लिए निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का प्रावधान किया गया है। इस संविधान संशोधन द्वारा संविधान में अनुच्छेद-21(A) जोड़ा गया।

92. प्रथम बौद्ध संगीति का आयोजन 483 ई.पू. में अजातशत्रु के शासनकाल में राजगृह में हुआ था। इसकी अध्यक्षता महाकस्सप ने किया था।

95. राज्यसभा भारतीय लोकतन्त्र की उच्च प्रतिनिधि सभा है। राज्यसभा में 250 सदस्य होते हैं। जिनमें 12 सदस्य भारत के राष्ट्रपति द्वारा नामांकित किए जाते हैं। इन्हें नामित सदस्य कहा जाता है। राज्यसभा में सदस्य 6 वर्ष के लिए चुने जाते हैं। जिनमें एक-तिहाई सदस्य हर दो वर्ष बाद सेवा-निवृत्त होते हैं।

96. दल-बदल विरोधी कानून 52वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1985 द्वारा पारित किया गया था। दल-बदल विरोधी प्रावधानों को संविधान की 10वीं अनुसूची के अन्तर्गत रखा गया है।

99. ग्राम पंचायत का सदस्य चुने जाने के लिए उम्मीदवार की न्यूनतम आयु 21 वर्ष होनी चाहिए। लोकसभा तथा विधानसभा की सदस्यता के लिए न्यूनतम आयु 25 वर्ष एवं राज्यसभा की सदस्यता के लिए न्यूनतम आयु 30 वर्ष होती है।

100. सहारा मरुस्थल अफ्रीका महाद्वीप में स्थित है। यह विश्व का सबसे बड़ा मरुस्थल है तथा अल्जीरिया, चाड, लीबिया, माली, सूडान, ट्यूनिशिया, मिस्र तथा मोरक्को आदि देशों में विस्तृत है।

Scanned by CamScanner